उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1927 संवाद– 106 दिनांक /Date.: 31/3/21

अभ्यर्थियों की रैंक सूची का प्रकाशन

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप जानते हैं कि, आयोग द्वारा पिछले 4 वर्षों में चयन परीक्षाओं की शुचिता व पारदर्शिता के लिए कई कार्य किये गये हैं। इस प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाये जाने तथा चयन को समय बद्धता से पूर्ण करने की दृष्टि से आयोग ने निर्णय लिया है कि आयोग अब प्रत्येक चयन परीक्षा के परिणाम (चयन सूची) के साथ ही एक प्रवीणता सूची (मैरिट लिस्ट) भी प्रकाशित करेगा इसमें उन सभी अभ्यर्थियों का विस्तृत विवरण होगा जिन्होंने न्यूनतम अर्हकारी अंक (35 व 45) या उससे अधिक अंक लिखित परीक्षा में प्राप्त किये हैं। इस सूची की क्रम संख्या से अभ्यर्थियों को अपनी रैंक भी मिल जायेगी तथा यह भी स्पष्ट जानकारी मिलेगी कि श्रेणीवार कटऑफ के बाद किन अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची का लाभ मिलने की संभावना होगी। ऐसे संभावित अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों को आयोग अल्पसूचना देकर अभिलेख सत्यापन के लिए बुला सकेगा। इस सम्बन्ध में आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की प्रति उपयोगार्थ संलग्न है।

कृपया तद्नुसार प्रत्येक परीक्षा परिणाम के साथ ही प्रकाशित होने वाली सूची का भी संज्ञान लें व प्रथम चरण में चयनित अभ्यर्थियों के न आने पर या अनर्ह होने पर द्वितीय चरण या इससे आगे की चयन सूची को आयोग की वैबसाईट पर देखते रहें।

31/3/21
(संतोष बडोनी)
सचिव

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : 1923

दिनांक/Date : 30/03/2021

अधिसूचना / विज्ञप्ति

विषय :– आयोग द्वारा लिखित परीक्षा का परिणाम जारी करने के साथ ही सभी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की प्रवीणता सूची के प्रकाशन के सम्बन्ध में।

विदित है कि वर्तमान में आयोग द्वारा परीक्षा परिणाम जारी किया जा रहा है, जिसमें चयन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का विवरण दिया जाता है। कई अभ्यर्थी जो चयन सूची में स्थान प्राप्त नहीं कर पाते हैं किन्तु उनके प्राप्तांक कटऑफ के निकट होते हैं, वे आयोग से विभिन्न माध्यमों से जानकारी प्राप्त करते रहते हैं। इन विषयों का संज्ञान लेते हुए आयोग द्वारा यह निर्णय लिया गया कि अब आयोग परीक्षा के उपरान्त औपबंधिक चयन सूची जारी करने के साथ–साथ सभी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों (न्यूतम अर्हकारी अंक सामान्य व ओ.बी.सी. श्रेणी 45 अंक तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति 35 या अधिक अंक प्राप्त करने वाले) की सूची भी निम्न प्रारूप पर आयोग की वैबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी –

क्र.सं.	अनुक्रमांक	नाम / पिता या पति का नाम	लिंग	श्रेणी	उप श्रेणी	नार्मलाइज्ड अंक

नोट :– 1. जहां पर एक ही प्रश्न पत्र से परीक्षा हुई हो वहां पर नार्मलाइज्ड अंक के स्थान पर वास्तविक अंक होंगे।

2. इसके साथ ही अभ्यर्थी यदि चाहे तो अपने प्राप्ताकों का विस्तृत विवरण भी ओ0टी0पी0 के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के व्यक्तिगत विवरण में उनकी ओ.एम.आर.सीट की प्रति (Image) या ऑनलाइन परीक्षा के मामले में उनके रिस्पांस तथा नार्मलाइज्ड अंक व वास्तविक अंक भी देख सकते हैं।

3. यह नई व्यवस्था चयन में पारदर्शिता व अभ्यर्थियों की सुविधा के साथ–साथ इसलिए भी लागू की जा रही है कि अपनी–अपनी श्रेणी में कटऑफ के ठीक नीचे के अभ्यर्थी अपने चयन की संभावना के प्रति सजग रहें व यदि अभिलेख सत्यापन के बाद कोई अभ्यर्थी अनुपस्थित या अनर्ह पाये जाते हैं तो उन्हें अल्प सूचना पर भी बुलाया जा सके, इससे चयन को समय पर पूरा करने में आयोग को आसानी होगी।

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्सः 0135-2672902, वैबसाईटः www.sssc.uk.gov.in, ईमेलः chayanayog@gmail.com

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : 1923

दिनांक/Date : 30/03/2021

4. अर्हकारी अंक (35 व 45) से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी चूंकि लिखित परीक्षा में अनर्ह (Disqualify) हो गये हैं। अतः इन्हें इस सूची में शामिल करने का औचित्य नहीं है किन्तु अपने व्यक्तिगत परिणाम ऐसे अभ्यर्थी भी OTP के माध्यम से देख सकेंगे।

अभ्यर्थी कृपया परीक्षा परिणामों के उपरान्त उपरोक्त प्रवीणता सूची का भी संज्ञान लें।

आयोग की ओर से

30/3

(संतोष बडोनी)

सचिव

<u>प्रतिलिपि</u> :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर मुख्य सचिव, कार्मिक एवं सतर्कता विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. निजी सचिव, मा0 अध्यक्ष महोदय, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग।
3. परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, देहरादून।
4. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को इस आशय से कि उपरोक्त अधिसूचना को आयोग की वैबसाईट पर प्रकाशित करायें तथा इन सूचियों के लिए वैबसाईट पर लिंक भी तैयार करें।
5. गार्ड फाईल।

30/3

(संतोष बडोनी)

सचिव